मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 21.10.2026

थाना जिगना, एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा, 05 अभियुक्त गिरफ्तार, करीब 1.5 लाख रूपये चोरी के आभूषण/बर्तन बरामद-

थाना जिगना जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 16.10.2026 को वादी रविशंकर पाठक पुत्र हरिमाधव पाठक निवासी बहुतीमय चकचौरा थाना जिगना जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध घर में घुसकर आभूषण चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जिगना पर मु0अ0सं0-250/2026 धारा 303(ए) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। दिनांकः 18.10.2026 को वादी राम शंकर उपाध्याय पुत्र स्व0 जटा शंकर उपाध्याय निवासी खैरा थाना जिगना जनपद मीरजापुर द्वारा वादी के गैरमौजूदगी में घर में घुसकर बक्शे व आलमारी में रखे आभूषण व नगद पैसा चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जिगना पर मु0अ0सं0-253/2026 धारा 303(ए) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए घटना का शीघ्र अनावरण व बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष जिगना को निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 21.10.2026 को पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना, एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना, साक्ष्य संकलन व भौतिक/इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के 05 अभियुक्त 1. सक्सेना खरवार पुत्र बब्बन खरवार निवासी बिदेशी टोला थाना अकोढ़ी गोला जनपद रोहतास बिहार, 2. रोहित पुत्र अरविन्द निवासी ग्राम भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार, 3. बंसी पासवान पुत्र अरविन्द पासवान निवासी भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार, 4. अभीष खरवार पुत्र स्व0 मगरू खरवान निवासी कुरान सरैया थाना सरैया जनपद भोजपुर बिहार, 5. आशीष खरवार पुत्र गौतम खरवार निवासी भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के करीब 1.5 लाख रूपये का आभूषण/बर्तन व चोरी में प्रयोग उपकरण (पेचकस, पिलास व कटर) बरामद किया गया। सम्बन्धित अभियुक्तों को थाना जिगना पुलिस द्वारा नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है।

विवरण पूछताछ- गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगो द्वारा रेकी करके खाली घरो को टारगेट करते है। फिर रात के अंधेरे में घरों में चोरी से घुस कर गहने/आभुषण, किमती सामान व नगदी आदि की चोरी करते है। चोरी किये गहनों/आभुषणों को बेचकर प्राप्त धन आपस में बाट लेते है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण—

1. सक्सेना खरवार पुत्र बब्बन खरवार निवासी बिदेशी टोला थाना अकोढ़ी गोला जनपद रोहतास बिहार, उम्र 30 वर्ष।
2. रोहित पुत्र अरविन्द निवासी ग्राम भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार, उम्र 30 वर्ष।
3. बंसी पासवान पुत्र अरविन्द पासवान निवासी भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार, उम्र 28 वर्ष।
4. अभीष खरवार पुत्र स्व0 मगरू खरवान निवासी कुरान सरैया थाना सरैया जनपद भोजपुर बिहार, उम्र 20 वर्ष।
5. आशीष खरवार पुत्र गौतम खरवार निवासी भैरोपुर थाना भगवानपुर जनपद भभुआ बिहार, उम्र 19 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग—

मु0अ0सं0-253/2026 धारा 305(ए),317(2) बीएनएस थाना जिगना जनपद मीरजापुर।

मु0अ0सं0-250/2026 धारा 305(ए),317(2) बीएनएस थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
मु0अ0सं0-376/2026 धारा 305(ए),317(2) बीएनएस थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।
मु0अ0सं0-105/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास- (सक्सेना खरवार)

1. मु0अ0सं0-76/2023 धारा 380,457 भादवि थाना नरही जनपद बलिया।
2. मु0अ0सं0-88/2023 धारा 380 भादवि थाना रसड़ा जनपद बलिया।
3. मु0अ0सं0-123/2023 धारा 380 भादवि थाना रसड़ा जनपद बलिया।
4. मु0अ0सं0-145/2023 धारा 380,457,411 भादवि थाना नगरा जनपद बलिया।
5. मु0अ0सं0-194/2023 धारा 379,411 भादवि थाना रसड़ा जनपद बलिया।

विवरण बरामदगी— 02 अदद गिलास (पीतल), 01 अदद चेन (पीली धातु), 01 अदद अंगूठी (पीली धातु), 01 अदद पायल (सफेद धातु) व 7000 रूपये नगद बरामद। चोरी में प्रयुक्त उपकरण 02 अदद पेचकस, 01 अदद पिलास व लोहा काटने का कटर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम थाना जिगना जनपद मीरजापुर।
निरीक्षक राजीव सिंह प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय टीम।

